e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील– 15/2022..2665..........पटना, दिनांक :–...28/9/2022

आदेश

प्रस्तुत विचाराधीन अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री सुमन कुमार, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN02263) द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश संख्या–1611 दिनांक–02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सूचना निर्गत किया गया है। अपीलार्थी को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल के द्वारा दी गई है। प्रस्तुत अपील में निर्धारित तिथि 02.09.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। अपील में उभयपक्षों को सुनकर, आदेश पर रखा गया।

अपीलार्थी का कथन है कि मौजा–सैदवरी, थाना नं0–187 का किस्तवार कार्य करने हेतु किस्तवार मानचित्र मुझे दिनांक–15.06.2021 को उपलब्ध कराया गया। मेरे द्वारा किस्तवार कार्य दिनांक–29.03.2022 को पूर्ण किया गया। कुछ त्रुटियों के समाधान के पश्चात् दिनांक–29.04.2022 को किस्तवार मानचित्र जमा किया गया। खानापुरी मानचित्र मुझे दिनांक–15.06.2022 को उपलब्ध कराया गया। वर्षा के मौसम में रैयतों के अनुपलब्धता एवं पंचायत आम निर्वाचन–2021 के दो चरण दिनांक–08.10.2021 एवं 24.11.2021 को पीठासीन पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति के कारण हीं कार्य प्रगति थोड़ी धीमी रही। निदेशालय का पत्रांक–1128 दिनांक–11.05.2022 द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचित नहीं होने के संबंध में 03 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेश के अनुपालन में मैंने दिनांक–14.05.2022 को अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया। मेरे स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए निदेशालय के ज्ञापांक–1611 दिनांक– 02.07.2022 द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित मेरा संविदा अनुबंध को रद्द कर दिया गया है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना ने अपने प्रतिउत्तर (मंतव्य) में स्पष्ट किया है कि दिनांक– 05.05.2022 को बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा में की गई विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षोपरान्त श्री सुमन कुमार द्वारा मौजा–सैदवरी, राजस्व थाना नं0–187 का किस्तवार कार्य लगभग 10 माह की लंबी अवधि में पूर्ण किया गया, किन्तु खानापुरी कार्य, समीक्षा की तिथि तक प्रारंभ नहीं की गई है। निदेशालय द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण में श्री सुमन कुमार ने कोई ठोस कारण/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है, जिसके कारण इनका संविदा रद्द किया गया है।

उभयपक्षों के सुनने एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री कुमार द्वारा मौजा–सैदवरी, राजस्व थाना नं0–187 का किस्तवार कार्य लगभग 10 माह की अवधि में पूर्ण किया गया है, लेकिन खानापुरी कार्य अभी तक (समीक्षा की तिथि तक) प्रारंभ नहीं किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे समय–सीमा के अन्तर्गत सम्पादित करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है। उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि श्री कुमार द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यों की उपलब्धि, अधिनियम/नियमावली में वर्णित समय–सीमा के विपरीत है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि श्री कुमार को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों में रूचि नहीं लेने तथा इनके कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा श्री कुमार की संविदा रद्द की गयी है, इसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

उक्त के आलोक में श्री सुमन कुमार (Emp. ID AEN02263), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

e-Mail

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील– 15 / 2022 2665 **पटना, दिनांक** :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– श्री सुमन कुमार, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp.ID AEN02263) Email-vk1990mehta@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील– 15 / 2022 2665 **पटना, दिनांक** :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी / बन्दोबस्त पदाधिकारी नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील– 15 / 2022 2665 **पटना, दिनांक** :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील– 15 / 2022 2665 **पटना, दिनांक** :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप